सं. MoES/P. O(Seismo)/SAGE-Manpower/2023(e-12753)
**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

पृथ्वी भवन, लोधी रोड,
नई दिल्ली, 15 मार्च 2024

**रिक्ति परिपत्र**

विषय: पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली के "भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान (सेज)" में कार्य करने के लिए संविदा के आधार पर परियोजना वैज्ञानिक-II (01 पद) और परियोजना वैज्ञानिक -I (02 पद) की नियुक्ति।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में "भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान (सेज)" नामक कार्यक्रम में कार्य करने के लिए परियोजना वैज्ञानिक- II (01 पद) और परियोजना वैज्ञानिक-I (02 पद) के अस्थायी पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी है तथा संविदा के आधार पर है। चयनित उम्मीदवारों को आरम्भ में 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रत्येक वर्ष के अंत में समीक्षा किए जाने पर कार्य के संतोषजनक निष्पादन की स्थिति में इस कार्यक्रम के समाप्त होने तक बढाया जा सकता है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने से 21 दिनों के भीतर है।**

**1. परियोजना वैज्ञानिक-II (पद कोड 01) के पद का विवरण**

i) रिक्तियों की संख्या : 01
ii) परिलब्धियां : 67,000/- रुपये + एचआरए + अन्य देय परिलब्धियां (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/डीएसटी के दिशानिर्देशों के अनुसार) (कार्य निष्पादन समीक्षा की शर्त के अधीन प्रत्येक 2 वर्ष के अनुभव पर 5% की वेतन-वृद्धि।)
iii) अधिकतम आयु सीमा : 40 वर्ष तक

**पात्रता मानदण्ड**

**शैक्षिणक और अन्य अर्हताएं**

**अनिवार्य**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्रथम श्रेणी (60%) के साथ भूविज्ञान/भूभौतिकी/भूकंप विज्ञान में मास्टर डिग्री। (ii) भूविज्ञान/भूभौतिकी/भूकंप विज्ञान/भूकंप संबंधी अध्ययनों में शिक्षण (स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर) या अनुसंधान और विकास में 3 वर्ष का अनुभव, जो वैज्ञानिक प्रकाशनों द्वारा प्रमाणित हो ।

**वांछनीय:**

(i) संबद्ध विषय या विशेषज्ञता के क्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री
(ii) भूकंपीय/भूभौतिकीय डेटा का विश्लेषण और उनकी व्याख्या तथा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन।

**कार्य उत्तरदायित्व:**

परियोजना वैज्ञानिक-II भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान संकाय के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, प्रगति की निगरानी तथा विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकारी संगठनों के साथ समन्वय में मदद करेगा।

**2. परियोजना वैज्ञानिक-I (पद कोड 02) के पद का विवरण**

i) रिक्तियों की संख्या : 02
ii) परिलब्धियां : 56,000/- रुपये + एचआरए + अन्य देय परिलब्धियां (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय / डीएसटी के दिशानिर्देशों के अनुसार) (कार्य निष्पादन समीक्षा की शर्त के अधीन प्रत्येक 2 वर्ष के अनुभव पर 5% की वेतन-वृद्धि।)
iii) अधिकतम आयु सीमा: 35 वर्ष तक

**अनिवार्य**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्रथम श्रेणी (60%) के साथ भूविज्ञान/भूभौतिकी/भूकंप विज्ञान में मास्टर डिग्री।

**वांछनीय:**

(i) भूकंपीय/भूभौतिकीय डेटा का विश्लेषण और उनकी व्याख्या तथा
(ii) अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन।

**कार्य उत्तरदायित्व:**

परियोजना वैज्ञानिक-I उचित अनुमोदन के लिए प्रस्तावों पर कार्रवाई करने और उनके कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा।

**शर्तें**

आवेदन को निर्दिष्ट प्रारूप में ऑनलाइन के माध्यम से www.moes.gov.in और/या https://vacancies.incois.gov.in/jobs/moes0324/home.jspपर ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाए। निर्दिष्ट प्रारूप में न प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

I. भरे जाने वाले पदों की संख्या में अंतर हो सकता है। बिना कारण बताए भर्ती को निरस्त करने का अधिकार मंत्रालय के पास सुरक्षित रहेगा।
II. अनिवार्य शैक्षणिक पात्रता पूर्ण करने के बाद ही अनुभव की गणना की जाएगी। पूर्ण की हुई पीएचडी डिग्री को तीन वर्षों का अनुभव माना जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार ने सेवा में रहने के दौरान पीएचडी डिग्री हासिल की होगी, तो केवल उसकी सेवा अवधि को ही अनुभव में गणना की जाएगी

जाएगी तथा उसकी कुल अनुभव अवधि में पीएचडी हासिल करने के लिए अनुभव में अतिरिक्त भार नहीं दिया जाएगा।

III. **साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।**

IV. **चयनित उम्मीदवार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के किसी भी संस्थान या कार्यक्रम में आमेलन या नियमतीकरण के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष दावा नहीं करेंगे।**

V. चयनित उम्मीदवार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सेवा देंगे।

VI. चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए स्क्रीन किए गए उम्मीदवारों के नामों को मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## 3. <u>चयन प्रक्रिया:</u>

निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम आवश्यकताएं हैं, तथा इनका होना मात्र ही किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का हकदार नहीं बनाता है। यदि विज्ञापन के बाद आवेदकों की संख्या काफी अधिक होंगी, तो सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना शायद सुविधाजनक या सम्भव ना हो। अतः, मंत्रालय चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीवारों की संख्या को स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से सीमित कर सकता है।

आवेदन की स्क्रीनिंग करने का मानदण्ड, निम्नलिखित के अनुसार उम्मीदवार की अहर्क योग्यताओं पर आधारित होगा:

i. उपर्युक्त निर्धारित अनिवार्य आश्यकताएं,

ii. जन्म तिथि,

i. आवेदन पत्र के पूरा भरे होने अर्थात सटीक विवरण प्रदान करने तथा पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाने तथा अंक सूची, शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाणपत्र की प्रतियां, हस्ताक्षर होने,

ii. आवश्यक अनुभव,

iii. उपर्युक्त वर्णित किए गए के अनुसार वांछनीय अर्हताएं तथा अनुभव, एक या अधिक स्तर आदि पर एकरूपीय शैक्षणिक प्रदर्शन। उम्मीदवारों के अनुभव प्रमाणपत्र में सुस्पष्ट रूप से वर्णित होना चाहिए कि पद के लिए वर्णित आवश्यक/वांछनीय अनुभव आवश्यकताओं में अनुरोध किए गए के अनुसार उम्मीदवार के पास सुस्पष्ट रूप से अनुभव / ज्ञान / कौशल / प्रौद्योगिकी / सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म होना चाहिए। आवेदनों की स्क्रीनिंग करने के लिए गठित समिति द्वारा आवेदनों की स्क्रीनिंग हेतु बेंचमार्क निर्धारित किया जाएगा। स्क्रीन किए गए उम्मीवार का अंतिम चयन, चयन बोर्ड के समक्ष उम्मीदवार के प्रदर्शन पर आधारित होगा। साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए /चयन न किए गए उम्मीदवारों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

## 4. आवेदन करने का तरीका:

क. संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है।

ख. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान शैक्षिक अर्हताओं, जन्म तिथि, अनुभव सम्बन्धी प्रमाणपत्रों की प्रतियां, अनापत्ति प्रमाणपत्र (वर्तमान नियोक्ता से, यदि कार्यरत हों तो), तथा

मीना 17/2/21

स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि अपलोड किया जाना चाहिए। पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, हस्ताक्षर .jpg फॉरमैट में होना चाहिए तथा फाइल साइज 10केबी से 100केबी के बीच में होनी चाहिए; शेष अन्य सभी प्रमाणपत्र .pdf फॉरमैट में होने चाहिए, तथा प्रत्येक फाइल की साइज 500 केबी से कम होनी चाहिए। उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले अपने सभी शैक्षिक एवं पेशेवर योग्यताओं के प्रमाणपत्रों, अंकपत्र, आरक्षण प्रमाणपत्र - यदि लागू हो, जन्म तिथि प्रमाण, अनुभव प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र के अलग-अलग स्कैन किए हुए दस्तावेजों, स्कैन किए हुए हस्ताक्षर, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि को तैयार रखें। साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। सुसंगत प्रमाणपत्रों की स्कैन की हुई प्रतियों, हस्ताक्षर तथा पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के बिना प्रस्तुत किए गए आवेदनों को स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा। अपलोड किए गए प्रमाण-पत्र साफ-साफ दिखने एवं पढ़ने योग्य होने चाहिए।

ग. प्रमाणपत्रों में कोई असंगति होने पर अथवा गलत प्रमाणपत्र अपलोड किए जाने पर आवेदन अयोग्य माना जाएगा। मूल प्रमाणपत्रों को नहीं प्रस्तुत किए जाने पर भी उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा। अयोग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी। वर्तमान में किसी अन्य संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने वर्तमान नियोजन का प्रमाण देना होगा, जो कि नियोक्ता का सेवा प्रमाणपत्र / अंतिम पे-स्लिप आदि हो सकती है। नियुक्ति आदेश/ रिज्यूमे को वर्तमान नियोजन के साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अनुभव प्रमाणपत्र में कार्यभार ग्रहण करने एवं त्यागपत्र देने की तारीख स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए। स्क्रीनिंग समिति को यदि उम्मीदवार द्वारा दावा किए गए अनुभव के वर्षों की संख्या हेतु दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त नहीं होते हैं, तो अनुभव 'शून्य' माना जाएगा।

घ. वर्तमान में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्तशासी निकाय/ विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति/ संवर्ग क्लीयरेन्स प्रस्तुत करना होगा।

ङ. किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को तुरन्त अस्वीकृत कर दिया जाएगा। ऐसे अस्वीकार किए गए आवेदन के विरुद्ध किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

च. किसी भी रूप में सिफारिश के परिणामस्वरूप उम्मीदवार अपात्र हो जाएगा।

छ. चयन न किए गए उम्मीदवारों से कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में निर्देश:**

- आवेदकों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, पूरे विज्ञापन और आवेदन करने की प्रक्रिया को ध्यान से पढ़ लें।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र और विज्ञापन का विवरण http://www.moes.gov.in और / या https://vacancies.incois.gov.in/jobs/moes0324/home.jspपर उपलब्ध है। आवेदन प्रक्रिया में उपर्युक्त प्रमाणपत्रों की पठनीय और स्कैन की गई प्रतियों और अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं के

साथ पर्याप्त समय पहले ऑनलाइन आवेदन करें । यदि प्रमाण पत्र अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में हैं, तो सत्यापित अनुवाद अपलोड किया जाना चाहिए।

- आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। अपूर्ण आवेदन पत्र को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।
- आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन की पावती और प्रिंटआउट अपने पास रखें।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रस्तुतीकरण में कठिनाई होने पर (अन्य किसी पूछताछ के लिए नहीं), कृपया vacancies.moes@gmail.com पर ईमेल करें।

मीना 15/3/25.

(मीना गोपीनाथ)
अवर सचिव (स्थापना)
फोन:- 011-24669510



File No. MoES/P.O(Seismo)/SAGE-Manpower/2023 (Computer No. 12753)
Generated from eOffice by SHIV KUMAR SINGH TANWAR, CONSULTANT(ESTT)-SKST, CONSULTANT, MINISTRY OF EARTH SCIENCE on 18/07/2024 11:05 AM

**अनुलग्नक-I**

## आवेदन का प्रारूप

विज्ञापन सं. फाइसल सं.:MoES/P.O(Seismo)/SAGE-Manpower/2023(e-12753)

फोटो

पद का नाम:

पद कोड:

हस्ताक्षर

आवेदन संख्या:

### 1. व्यक्तिगत विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| *पद जिसके लिए आवेदन किया गया है | पद चुनें | *पद कोड: | पद चुनें कोड |
| *पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | *पिता/पति का नाम | |
| *जन्म तिथि: (दिन-माह-वर्ष) | | *अंतिम तिथि को आयु | |
| लिंग | | वैवाहिक स्थिति | |
| *धर्म | | *राष्ट्रीयता | |
| *क्या सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी से संबंधित हैं | चुनें श्रेणी | | |
| पत्राचार का पता | (अधिकतम 400 अक्षर) | | |
| राज्य | | पिन कोड | (अधिकतम 6 अंक) |
| स्थायी पता उपर्युक्त के समान | | | |
| *स्थायी पता | (अधिकतम 400 अक्षर) | | |
| *राज्य | | *पिन कोड | (अधिकतम 6 अंक) |
| *ईमेल आईडी | | | |
| टेलीफोन नंबर | | *मोबाइल नंबर | (अधिकतम 10 अंक) |

**2. शैक्षणिक विवरण।**

| क्रम संख्या | उत्तीर्ण की गई परीक्षा | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | वर्ग / श्रेणी | अंकों का प्रतिशत | प्रमाणपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | | |
| 3 | बी.एससी. या | | | | | | |
| 4 | एम.एससी. या | | | | | | |
| 5. | पीएचडी | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | |

**3. अनुभव का विवरण**

| संगठन विभाग/ संस्थान का पूरा विवरण | नौकरी की अवधि से - तक | सौंपे गए कार्य का प्रकार | वेतन (मूल वेतन/ समेकित वेतन) | डयूटी की प्रकृति | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**4. पेशेवर विवरण**

| क्रम संख्या | संगठन का नाम | से | तक | प्रशिक्षण का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | (अधिकतम 1000 अक्षर) |
| 2 | | | | (अधिकतम 1000 अक्षर) |

**5. अन्य विवरण**

| | |
|---|---|
| अनुसंधान कार्य / अनुभव का विवरण, यदि कोई हो | अधिकतम 3500 अक्षर |
| विशेषज्ञता (पद के लिए वांछनीय अनुभव के संदर्भ में) | अधिकतम 3500 अक्षर |

| | |
|---|---|
| कोई अन्य जानकारी जो आप जोड़ना चाहें (जैसे प्रकाशनों की सूची, विद्वान सोसायटीज की सदस्यता, पुरस्कार और मान्यता, आदि (संक्षेप में)। | अधिकतम 3500 अक्षर |

**6. संदर्भ विवरण**

| | |
|---|---|
| | |

**7. अन्य दस्तावेज**

| | |
|---|---|
| दस्तावेज का नाम: | |
| आयु प्रमाण का दस्तावेज: | |
| क्या आपके पास अनिवार्य अर्हता है? | |
| क्या आपके पास अनिवार्य अनुभव है? | |
| क्या आपके पास वांछनीय अर्हता है? | |
| पद के लिए सुसंगत कार्य अनुभव के संबंध में एक संक्षिप्त टिप्पणी | |

**8. घोषणा**

मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता/समझती हूं कि किसी भी जानकारी के झूठी या गलत पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी स्तर पर बिना किसी सूचना के या इसके एवज में बिना किसी क्षतिपूर्ति के रद्द/समाप्त की जा सकती है।

स्थान:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तिथि: